# प्रदेश में फलों से वाइन बनाने वाली पहली इकाई हुई शुरू

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने रविवार को मलिहाबाद के गांव जल्लाबाद में प्रदेश की पहली वायनरी एम्ब्रोसिया नेचर लिविंग एलएलपी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि यह पहल प्रदेश में फल उत्पादन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

उन्होंने इस परियोजना को प्रदेश के विकास की दिशा में एक अभिनव प्रयास बताते हुए कहा कि यह पहल किसानों की आय को दोगुना करने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। प्रदेश सरकार ने स्थानीय फलों से निर्मित फ्रूट वाइन पर अगले 5 वर्षों तक एक्साइज ड्यूटी में पूरी छूट देने का निर्णय लिया है।

यह कदम न केवल किसानों की आय को बढ़ाने में सहायक होगा, बल्कि स्थानीय उद्यमियों और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। मुख्य सचिव ने वायनरी के प्रशासनिक विंग का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने यूनिट का निरीक्षण किया।



## मुख्य सचिव ने मलिहाबाद में किया उद्घाटन

उन्होंने यूनिट की कार्य प्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया और कच्चे माल के उपयोग से संबंधित जानकारी हासिल की। इस अवसर पर आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल और वायनरी के संस्थापक कुंवर माधवेंद्र देव सिंह भी उपस्थित रहे। ब्यूरो